## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 08.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा की उपस्थिति में पुलिस लाइन बांदा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामूहिक रुप से रात्रि भोज का किया गया आयोजन।**
- **रिक्रूट आरक्षियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पुलिस बल की कार्यप्रणाली, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रीय एकता आदि जैसे विषयों के साथ-साथ साइबर अपराधों/जागरुकता को हास्य व प्रभावी ढंग से किया गया प्रस्तुत।**

**विवरण-** आज दिनांक 08.11.2025 को श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल की उपस्थिति में पुलिस लाइन बांदा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रिक्रूट आरक्षियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं सामूहिक प्रस्तुतियाँ दी गई जिनमें पुलिस बल की कार्यप्रणाली, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रीय एकता आदि जैसे विषयों के साथ-साथ साइबर अपराधों से बचाव व जागरुकता को हास्य एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रशिक्षण के दौरान मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करने में सहायक होती हैं। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों से कहा कि वे प्रशिक्षण के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक संवेदनशीलता को भी अपने व्यक्तित्व का अभिन्न अंग बनाएं। पुलिस अधीक्षक बांदा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम पुलिस बल में टीम भावना, आपसी सहयोग तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम हैं। प्रशिक्षणार्थियों के उत्साह, अनुशासन एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात सामूहिक रूप से रात्रि भोज का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम, पुलिस अधीक्षक बांदा, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित प्रशिक्षण अधिकारीगण एवं रिक्रूट आरक्षियों द्वारा एक साथ भोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उनके सुझाव एवं अनुभवों को जाना तथा उनके मनोबल को बढ़ाया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री मेविस टॉक सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण, आरटीसी के प्रशिक्षण अधिकारीगण व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं रिक्रूट आरक्षी उपस्थित रहे।